दृष्टि The Vision

देवघर में पाँच हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर के लिये बनेगा भवन

चर्चा में क्यों?

- 20 सितंबर, 2023 को झारखंड के स्वास्थ्य विभाग से मिली जानकारी के अनुसार राज्य के देवघर ज़िला के शहरी क्षेत्रों में पाँच नए हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर का निर्माण कराया जाएगा।

प्रमुख बिंदु

- 15वें वित्तीय वर्ष 2021-22 के अंतर्गत केंद्रीय वित्त आयोग व राज्य योजना के तहत देवघर नगर निगम और मधुपुर नगर परिषद क्षेत्र में पाँच हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर का निर्माण करने का निर्णय लिया गया है, जिसके तहत राज्य सरकार की ओर से 1.72 करोड़ रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है।
- देवघर नगर निगम के अंतर्गत चंदाजोरी, बैद्यनाथपुर और बरियारबांधी में तथा मधुपुर नगर परिषद क्षेत्र के अंतर्गत चांदमारी और लालगढ़ में हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर का निर्माण कराया जाएगा।
- इसके लिये ज़िला प्रशासन की ओर से एक-एक भवन निर्माण हेतु करीब 2500 स्क्वायर फीट ज़मीन उपलब्ध कराई गई है। पूर्व में इसके लिये नक्शा भी तैयार किया गया था, जिसके अनुसार भवन का निर्माण किया जाएगा।
- स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, वर्तमान में इन सभी जगहों पर नगर निगम और नगर परिषद के वार्ड विकास केंद्र के भवन में यह सेंटर संचालित किया जा रहा है। एक-एक भवन निर्माण के लिये 34 लाख 45 हज़ार की राशि की स्वीकृति मिली है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/a-building-will-be-built-for-five-health-and-wellness-centres-in-deoghar